दिनांकः 08.12.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट की तैयारियां पूरी–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल उद्घाटन करेंगे।

- गृहमंत्री अमित शाह आज जोधपुर में बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेंगे।

- प्रदेश के 39 जिलों में आज से उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान शुरू–पांच साल तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक दी जा रही है।

- शेखावाटी क्षेत्र सहित राज्यभर में बढ़ा सर्दी का असर–कल से उत्तरी जिलों में शीतलहर की आशंका।

..........................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री, कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य के विकास एजेंडे और पांच साल के भीतर अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना करके 350 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य को रेखांकित करेंगे। सम्मेलन में 32 देश भाग ले रहे हैं, जिनमें 17 भागीदार देश होंगे। सम्मेलन से पहले ही प्रदेशभर में विभिन्न क्षेत्रों में 30 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। समिट के दौरान 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन और 11 दिसम्बर को एमएसएमई सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।
समिट की तैयारियों और प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल सभी प्रबंधों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने सीतापुरा स्थित समारोह स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों को समिट के आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं के के संबंध में निर्देश दिये। श्री शर्मा ने समारोह में आने वाले अतिथियों के लिए सर्वोत्तम सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रबंध करने को कहा। श्री शर्मा ने आयोजन में भाग लेने आए प्रतिभागी देशों के विशेष पवेलियन तथा राजस्थान पवेलियन सहित वीआईपी लॉन्ज का जायजा लिया। उन्होंने प्रदर्शनी स्थल पर बनाए गए स्पेशल जोन का भी निरीक्षण किया।
गौरतलब है कि प्रदेश के औद्योगिक परिदृश्य को और संवारने तथा राज्य में निवेश बढ़ाने के लिए कल से तीन दिन का ये अंतर्राष्ट्रीय आयोजन शुरू होगा।

..........................

जोधपुर में आज सीमा सुरक्षा बल का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भाग ले रहे हैं। गृहमंत्री कल देर शाम जोधपुर पहुंचे। हमारे संवाददाता ने बताया कि समारोह के दौरान श्री शाह लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। कार्यक्रम में देशभर के फ्रंटियर मुख्यालय के जवान हिस्सा ले रहे हैं।

..........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के अभियान की ऊर्जा–शक्ति बनने का आहवान किया है। श्री मोदी ने कहा है कि अगले महीने विकसित भारत युवा नेता संवाद आयोजित किया जायेगा, जो युवाओं को विचारों के आदान–प्रदान का मंच देगा। प्रधानमंत्री कल शाम अहमदाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उन्हो्ंने कहा कि देशवासी स्वच्छ भारत मिशन, प्राकृतिक कृषि मिशन, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, बालिका शिक्षा और जनजातीय कल्याण जैसी राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। श्री मोदी

ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे विश्व में लोकप्रिय हुआ है और यह पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को बढावा दे रहा है। इससे विकास की दिशा में देश की प्रगति को भी बल मिलेगा।

..........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज भीलवाडा जिले के आसींद के पास देवनारायण जन्मस्थली मालासेरी पहुंचेंगे। वे वहां भगवान देवनारायण के दर्शन कर देश में सुख समृद्धि की कामना करेंगे। श्री बिरला वहां आज से आयोजित हो रहे दो दिवसीय भक्ति महासंगम में भी शिरकत करेंगे। इस दौरान शाम के समय ड्रोन लेजर शो भी रखा गया है। कार्यक्रम में गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम और देश–प्रदेश से आए संतों के साथ ही जिले के जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

..........................

उपराष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत आज 5 साल तक के बच्चों को पोलियो रोधी खुराक दी जा रही है। अभियान के तहत प्रदेश के 39 जिलों में करीब साढे 87 लाख बच्चों को दवा देने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए लगभग 47 हजार पोलियो बूथ स्थापित किये गये हैं। अभियान के पहले दिन दवा लेने से वंचित बच्चों को अगले 2 दिन तक घर–घर जाकर ये दवा पिलाई जाएगी। जयपुर शहर भी में ये कार्यक्रम तीन दिन तक जारी रहेगा। अभियान के लिए राज्यभर में 60 हजार स्वास्थ्य दल लगाये गये हैं। इससे पहले अभियान के प्रति लोगों में जागरुक करने के लिए संबंधित जिलों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

..........................

केन्द्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि देश की नई शिक्षा नीति महत्वपूर्ण है और इसका विस्तार होना चाहिए। कोटपूतली–बहरोड़ जिले में कल शैक्षणिक संस्थान के कार्यक्रम में श्री यादव ने कहा कि खेलो इंडिया के तहत हो रहे खेल उत्सव विद्यार्थियों के लिए उपयोगी हैं और इनसे एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण होता है। केन्द्रीय मंत्री ने इस दौरान क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

..........................

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज एक दिन के दौरे पर जयपुर के चौमूं आ रहे हैं। वे पार्टी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान श्री गांधी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे और देश–प्रदेश की राजनीतिक रणनीति पर विचार–विमर्श करेंगे। उनका चौमूं के पास धार्मिक आयोजन में शामिल होने का भी कार्यक्रम है।

..........................

वन विभाग की ओर से पाली के जवाई वन क्षेत्र में वन उत्पादों के संरक्षण और इनको बढ़ावा देने के लिए आज मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में वन्य क्षेत्र से मिलने वाले गैर लकड़ी वन्य उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा और इनको राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए प्रचार–प्रसार किया जाएगा। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

..........................

दिसम्बर का पहला सप्ताह गुजरने के बाद अब प्रदेश में सर्दी का असर बढ़ने लगा है। शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में सुबह शाम ठंडी हवा चलने से लोगों को राहत के इंतजाम करते देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार माउंट आबू में पारा गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। विभाग के अनुसार चूरू, पिलानी और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कल से प्रदेश के उत्तरी जिलों में शीतलहर चलने की संभावना है।

..........................

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट आज से जयपुर में आयोजित हो रहा है। तीन दिन के इस सम्मेलन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उद्घाटन करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री, कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य के विकास एजेंडे और पांच साल के भीतर अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना करके 350 अरब डॉलर तक पहुंचाने

के लक्ष्य को रेखांकित करेंगे। सम्मेलन में 32 देश भाग ले रहे हैं, जिनमें 17 भागीदार देश होंगे। समिट से पहले ही प्रदेशभर में विभिन्न क्षेत्रों में 30 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

..........................